# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 6

Chapter Name : रक्त और हमारा शरीर

Q1 रक्त के बहाव को रोकने के लीऐ क्या करना चाहिए ?

Answer. डॉक्टर के पास पहुँचने तक के समय में चोट के स्थान पर कस कर एक साफ कपड़ा बांध देना चाहिए। दबाव पड़ने से रक्त का बहना कम हो जाता है, जो व्यक्ति के लिए काफी फ़ायदेमंद होता है।

Page : 06 , Block Name : पाठ से ।

Q2 खून को ‘भानुमती का पिटारा क्यों कहा जाता है?

Answer.

‘खून को भानुमती का पिटारा इस लिए कहा जाता है क्योंकि इस में कई तरह के कण होते हैं- कुछ लाल ,कुछ सफ़ेद और कुछ जिनका कोई रंग नहीं जिन्हें बिंवाणु कहते हैं ।खून तरल रूप में भी होता है जिसे प्लाज्मा कहते हैं।

Page : 6 , Block Name : पाठ से ।

Q3 एनीमिया से बचने के लिए क्या- क्या खाना चाहिए ?

Answer.

एनीमिया से बचने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। एनीमिया से बचने के लिए प्रोटीन, लौहतत्व और विटामिन की जरूरत होती है जो की मुख्य रूप से हरी सब्जी, फल , दूध, अंडा, और गोश्त आदि में पाये जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति उचित आहार ग्रहण नहीं करता तो रक्त - कण बन नहीं पाते ,रक्त में लाल कणों की कमी हो जाती है। जिसे एनीमिया कहते है।

Page : 6 , Block Name : पाठ से ।

Q4 पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? इनसे कैसे बचा जा सकता है।

Answer.

पेट में कीड़े दूषित जल और खाद पदार्थ द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं ।अतः इनसे बचने के लिए यह जरूरी है कि हम पूरी सफाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ही ग्रहण करने चाहिए । साफ जल पीना चाहिए और भोजन करने से पहले हाथ अच्छी तरह से धोने चाहिए ।इसके अलावा नंगे पैर नहीं घूमना चाहिए, क्योंकि कुछ कीड़े ऐसे होते हैं , जिनके अंडे धरती को ऊपरी सतह में पाए जाते हैं।इन अंडों से उत्पन्न लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में पहुंच जाते हैं। इनसे बचने के लिए जरूरी है कि शौचालाय का प्रयोग किया जाए और नंगे पाँव नहीं घूमना चाहिए। ।

aglasem.com

Page : 06 , Block Name : पाठ से ।

Q5 रक्त के सफेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा जाता है?

Answer.

रक्त के सफेद कणों को वीर सिपाही इसीलिए कहा गया है ,क्योंकि ये बहुत से रोगों से हमारे शरीर की रक्षा करते हैं। ये रोग के कीटाणुओं को शरीर में घुसने नहीं देते उनसे डटकर मुकाबला करते है ।

Page : 06 , Block Name : पाठ से ।

Q6 ब्लड -बैंक में रक्तदान से क्या लाभ है?

Answer.

ब्लड- बैंक में दान दिए गए रक्त को सुरक्षित रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसके लिए किसी भी रक्त समूह का रक्त वहां से लिया जा सकता है। बड़े बड़े अस्पतालों में ब्लड बैंक बने हुए हैं जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में ज़रूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में ब्लड बैंक में किया हुआ रक्तदान काम आता है ।

Page : 06 , Block Name : पाठ से ।

Q7:. सांस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होता है, उसे शरीर के हर हिस्से में कौन पहुँचाता है।

सफेद कण लाल कण

साँस नली फेफड़े

Answer.

साँस लेने पर शुद्ध वायु से आँक्सीजन प्राप्त होती है,उसे शरीर के हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाते है।

Page : 06 , Block Name : पाठ से

पाठ से आगे

Q1 रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है- जस्ता, शीशा ,लोहा और प्लैटिनम।

Answer.

रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए लोहा खनिज की आवश्यकता पड़ती है।

Page : 06 , Block Name : पाठ से आगे।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्तियों में दे ।

Q2 बिम्बाणु ( प्लेटलेट कण) की कमी किस बीमारी में पाई जाती है -टाइफाइड' मलेरिया' डेंगू 'फाइलेरिया।

aglasem.com

Answer.

बिम्बाणु(प्लेटलैट कण) की कमी डेगू बीमारी में पाई जाती है।

Page : 06 , Block Name : पाठ से आगे

भाषा की बात

Q1. क) चार महीने के होते- होते ये नष्ट हो जाते हैं -

इस वाक्य को ध्यान से पढ़िए। इस वाक्य में "होते - होते" के प्रयोग से यह बताया गया है कि चार महीने से पूर्व ही ये नष्ट हो जाते हैं। इस तरह के पाँच वाक्य बनाइए जिनमें इन शब्दों का प्रयोग हो-

बनते - बनते, पहुँचते - पहुँचते, लेते - लेते, करते - करते

Answer.

1) मेरे रिश्ते की बात बनते - बनते रह गई।
2) बस स्टैंड पर पहुँचते - पहुँचते हमारी बस छूट गई।
3) दुकान से सारा समान लेते - लेते फिर भी कुछ समान रह गया।
4) काम करते - करते मैं ऑफ़िस पहुँचा।

ख) इन प्रयोगों को पढ़िए -

सड़क के किनारे - किनारे पेड़ लगे है।

आज दूर - दूर तक वर्षा होगी।

इन वाक्यों में होते - होते की तरह किनारे - किनारे और दूर - दूर शब्द दोहराए गये है। पर हर वाक्य में अर्थ भिन्न है। किनारे - किनारे का अर्थ है- किनारे से लगा हुआ और दूर - दूर का - बहुत दूर तक।

आप भी निम्न लिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाये और अर्थ लिखिए-

ठीक - ठीक, घड़ी - घड़ी, कहीं - कहीं, क्या - क्या, घर - घर

Answer.

ठीक - ठीक (ठीक से) ठीक - ठीक बताइए तुमने चोरी तो नहीं की।

घड़ी - घड़ी (हर घड़ी) तुम घड़ी - घड़ी मुझसे एक ही सवाल मत पूछो।

कहीं - कहीं (कहीं पर) इस जगह कहीं - कहीं ही पेड़ - पौधे मिलते हैं।

क्या - क्या (और क्या) : आपको खाने में क्या - क्या पसंद है।

घर - घर (हर घर में) आज कल घर - घर बुरा हाल है।

Page : 06 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com

Q2. इस पाठ में दिए गए मुहावरों और कहावतों को पढ़िए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

भानुमती का पिटारा, दस्तक देना, धावा बोलना, घर करना, पीठ ठोकना

Answer.

1) भानुमती का पिटारा - तुम्हारा दिमाग भानुमती का पिटारा है जिसमें हर समय नई - नई तरकीबें आती रहती हैं।
2) दस्तक देना- रमेश ने मोहन के दरवाजे पर दस्तक दी।
3) धावा बोलना - दुश्मनों ने देश पर धावा बोल दिया।
4) घर करना - मोहन की बात मेरे दिमाग पर घर कर गई।
5) पीठ ठोकना - कक्षा में प्रथम आने पर उसके माता पिता ने उसकी पीठ ठोकी।

Page : 06 , Block Name : भाषा की बात

Q1. अपने परिवार के अट्ठारह वर्ष से पचास वर्ष तक की आयु वाले सभी स्वस्थ सदस्यों को रक्तदान के लिए प्रेरित कीजिए और समय आने पर स्वयं भी रक्तदान करने का संकल्प लीजिए।

Answer.

'छात्र स्वंय करे'

Page : 06 , Block Name : कुछ करने को

Q2. शरीर - रचना का चित्र देखकर उसमें रक्त-संचार क्रिया को ठीक-ठीक समझिए।

Answer.

'छात्र स्वंय करे'

Page : 06 , Block Name : कुछ करने

Q3. नीचे दिए गए प्रश्नों के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए-

क) ब्लू बेबी क्या है?

Answer.

नवजात शिशु के हृदय कमज़ोर हो जाने पर उसे पर्याप्त ऑक्सीजन नही मिल पाता है जिसकी वजह से उसका पूरा शरीर पीला पड़ जाता है। इसे अवस्था को ब्लू बेबी कहा जाता है।

ख) रक्त के जमाव की क्रिया में प्लेटलैट का कार्य क्या है?

Answer.



aglasem.com

शरीर के किसी अंग पर चोट या ज़ख्म हो जाने पर रक्त के प्लाज्मा में प्रोटीन रक्तवाहीका की कटी-फटी दीवार में जाला बुन देती है। प्लेटलेट इस दीवार पर चिपक जाते है तथा दरार को भरने में मदद करते है। इस तरह प्लेटलेट रक्त के जमाव की क्रिया में विशेष भूमिका निभाते है।

ग) रक्तदान के लिए कम-से-कम कितनी उम्र होनी चाहिए?

Answer.

रक्तदान के लिए कम-से-कम 18 वर्ष की उम्र होनी आवश्यक है।

घ) कितने समय बाद दोबारा रक्तदान किया जा सकता है?

Answer.

हर छह महीने बाद दोबारा रक्तदान किया जा सकता है।

ङ) क्या स्त्री का रक्त पुरुष को चढ़ाया जा सकता है?

Answer.

हाँ, स्त्री का रक्त पुरूष को चढ़ाया जा सकता है अगर उन दोनों का रक्त-ग्रुप एक समान हो।

Page : 06 ,  Block  Name : कुछ करने

Q4. शरीर के किसी अंग में अचानक रक्त-संचार रूक जाने से क्या-क्या परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती है?

Answer.

शरीर के किसी अंग में अचानक रक्त-संचार रूक जाने से मनुष्य का वह अंग अच्छे से काम करना बंद कर देता है। गंभीर स्थितियों में अंग में रक्त जमाव के कारण जहर फैल जाता है तथा उस अंग को काटने की नौबत तक आ सकती है।

Page : 06 ,  Block  Name : कुछ करने

aglasem.com